उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड, प्रयागराज।

पत्रांक : / /2020–21 दिनांक 02/01/2021

आवश्यक सूचना

प्रायः यह देखने में आ रहा है कि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड कार्यालय पर आने वाले अभ्यर्थी अध्यक्ष से मिलकर ज्ञापन देने की मांग करते रहते हैं जो कार्यालय प्रक्रिया की दृष्टि से उचित नहीं है।

उपर्युक्त के दृष्टिगत यह व्यवस्था निश्चित की जाती है कि भविष्य में ज्ञापन/मांग पत्र अभ्यर्थी सर्वप्रथम सचिव, उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड को देंगे। ज्ञापन देने की सूचना सात दिन पूर्व ई–मेल/डाक से या दस्ती/स्वयं आकर सचिव कार्यालय में दिया जाना अनिवार्य होगा। सोशल मीडिया के माध्यम से दी गयी सूचना स्वीकार नहीं होगी। जब समस्या का निदान न हो पाये तो कार्यवाही में विलम्ब का औचित्य न होने की बात का उल्लेख करते हुए अध्यक्ष से समय लेने का लिखित अनुरोध कर सकते हैं। समय दिये जाने पर कार्यालय द्वारा मिलने की सूचना दी जायेगी।

सचिव

पृ0सं0 : 837 / /2020–21 तद्दिनांक

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. श्री राजेश कुमार श्रीवास्तव, आशुलिपिक (माननीय अध्यक्ष), उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड, प्रयागराज के अवलोकनार्थ।
2. उपसचिव, उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड, प्रयागराज।
3. अधिष्ठान/गार्ड फाइल।
4. चयन बोर्ड के अधिकारिक वेबसाइट/नोटिस बोर्ड पर सभी सम्बन्धित को सूचनार्थ।

सचिव 02.01.2021